
# वेदांता ग्रुप राजस्थान में इंडस्ट्रियल पार्क बनाएगा

समारोह को संबोधित करते हुए वेदांता ग्रुप के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने घोषणा की कि वे जल्द ही राजस्थान में इंडस्ट्रियल पार्क बनाएंगे। यहां बनने वाले इस पार्क में जिंक, सिल्वर, सल्फ्यूरिक एसिड, फास्फोरिक एसिड और उसके



साथ में एल्युमिनियम और कॉपर बेस की इंडस्ट्री लगा सकते हैं। इस पार्क में 2 करोड़ से लेकर 100 करोड़ की इंडस्ट्रीज लगाई जा सकती है। उन्होंने प्रवासी राजस्थानियों से कहा कि वे यहां आकर उद्योग लगाए, यहां किसी प्रकार की दिक्कत नहीं है, इसकी गारंटी मैं लेता हूं। यहां अब बहुत कुछ बदल गया है। हमने राजस्थान को दिल दिया है और इसके लिए हम सब कुछ करेंगे। उन्होंने कहा कि अगर लोग भारत आते है तो उनकी पहली पसंद राजस्थान होता है। लोग यहां आकर शादी-समारोह करना चाहते हैं। हम राजस्थान में तीन काम हिंदुस्तान जिंक, केयर्न एनर्जी और नंद घर कर रहे हैं। राजस्थान पूरी दुनिया को खनिज देने की क्षमता रखता है। हिंदुस्तान जिंक ने जब यहां उत्पादन शुरू किया गया था। तो हमें कहा गया था कि आप 3 साल के लिए खनन कर सकते हैं। उसके बाद आप इसे बंद कर दीजिएगा, क्योंकि फिर खनन नहीं बचेगा, लेकिन हमने देखा राजस्थान की इतनी क्षमता है कि हम 10 गुना तक इसे बढ़ा चुके हैं। राजस्थान का पत्थर पूरी दुनिया में मशहूर है। हर जिले का पत्थर अपनी अलग पहचान रखता है।